अमर उजाला 09-11-2023

जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी में छाए जीएमएन के विद्यार्थी

शहर के पुलिस डीएवी स्कूल में सड़क सुरक्षा विषय पर हुई थी प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। शहर के पुलिस डीएवी स्कूल की ओर से सड़क सुरक्षा विषय पर जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

बुधवार को जीएमएन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक, डॉ. एसएस नैन को इस उपलब्धि पर बधाई दी। सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक डॉ. एसएस नैन ने बताया कि प्रतियोगिता में जीएमएन कॉलेज के एमए राजनीतिक विज्ञान के प्रथम वर्ष के छात्र धर्मेंद्र कुमार व लवकेश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।

इन विद्यार्थियों को एसपी एवं डीएसपी द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों का चयन पहले कॉलेज स्तर, उसके बाद ब्लॉक स्तर पर किया गया था। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुंडू भी मौजूद रहे।

जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता पदक दिखाते, साथ में प्राचार्य। संवाद

प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में कलात्मक अभिव्यक्ति क्लब की ओर से ओपन माइक सेशन का आयोजन करवाया गया। जिसका आयोजन प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका महक तलवार के संयोजन में हुआ।

ओपन माइक सेशन का संचालन क्रिएटिव एक्सप्रेशन क्लब के प्रधान उद्धव प्रताप सिंह, उपप्रधान मोनी व सचिव प्रतीक भाटिया के सहयोग से किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने कविता, भाषण, शायरी व अन्य प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बीए तृतीय वर्ष के छात्र गुरजोत सिंह, बीए ऑनर्स पॉलिटिकल की छात्रा मनोरमा, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र शुभम, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा आक्षी ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के होस्ट मोनी व उद्धव रहे। प्रतीक, निलेश, सिमरन कौर ने कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान फुटवियर डिजाइन और विकास संस्थान ने कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के साथ मिलकर लिखित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। कार्यक्रम की संयोजक अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा कंसल रही। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।